बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र. 462026

क्रमांकः 2829 /अकादमी/संबंद्धता/2026 भोपाल दिनांक :13.11.26

क्रमांकः /अकादमी/संबंद्धता/2026 भोपाल दिनांक

अधिसूचना

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध समस्त स्वशासी महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि :-

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक 169/131/CC/2024/38 भोपाल दिनांक 04.01.2026 के अनुसार "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (महाविद्यालयों को स्वायत्त (स्वशासी) का दर्जा प्रदान करने तथा स्वायत्त महाविद्यालयों में मानकों के रख रखाव संबधी उपाय) विनियम 2023 की कंडिका 3.5 के आलोक में राज्य के स्वशासी महाविद्यालयों से मूल (संबंधित) विश्वविद्यालय द्वारा संबद्धता शुल्क नहीं लिया जावे।"

आदेश को अंगीकृत करने हेतु विश्वविद्यालय की स्थायी समिति में रखा गया प्रकरण "विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 27.02.2026 की गई अनुशंसा एवं कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 26.03.2026 में अनुमोदन उपरांत "उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्रमांक 169/131/CC/2024/38 भोपाल दिनांक 04.01.2026 जारी दिनांक से प्रभावशील होगा"

उपरोक्त निर्णय के परिपालन में स्वशासी महाविद्यालयों को सत्र 2026-27 से सम्बद्धता/निरंतरता शुल्क से मुक्त किया जाता है।

परिनियम 27 के अनुसार एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेशों के आधार पर शेष अन्य शुल्क 1. निरीक्षण शुल्क, 2. सहमति शुल्क 3. सीट वृद्धि आदि विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

(डॉ. एस. बी. सिंह)
कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

2830
पृ.क्रमांकः —/अकादमी/संबंद्धता/2026 भोपाल दिनांक : 13.11.2026

प्रतिलिपि :

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्वशासी महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
2. आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. अपर सचिव, राजभवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ।
5. मा. कुलगुरू/कुलसचिव के निज सचिव/सहायक के माध्यम से मा. कुलगुरू/कुलसचिव को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु आई.टी.सेल की ओर प्रेषित।
7. वित्त नियंत्रक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
8. निजी नस्ती।

(डॉ. सुनील नायक)
सहायक कुलसचिव, अकादमी